**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4031**
(जिसका उत्तर मंगलवार, 03 अप्रैल, 2018 को दिया गया)

**निगमित सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत फ़र्ज़ी विकास कार्य**

**4031. श्री विशम्भर प्रसाद निषादः**
**चौधरी सुखराम सिंह यादवः**
**श्रीमती छाया वर्माः**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) निगमित सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा पिछले 3 वर्षों में कितनी राशि व्यय की गई है;
(ख) गैर-सरकारी एवं सरकारी कंपनियों द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष में व्यय की गयी राशि का राज्य-वार एवं जनपद-वार तथा कार्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सच है कि सीएसआर के तहत कार्यों में बड़े पैमाने पर निजी फर्म/एनजीओ फर्ज़ी तरीके से कार्य सम्पन्न करवा रहे हैं जिससे विकास कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है; और
(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्री** **(श्री अरुण जेटली)**

**(क) और (ख):** कंपनियों द्वारा दिनांक 30.11.2017 तक वित्तीय वर्ष 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के लिए एमसीए 21 रजिस्ट्री में की गई फाइलिंग से संकलित आंकड़ों के अनुसार संबंधित कंपनियों द्वारा सीएसआर पर किया गया व्यय नीचे तालिका में दिया गया है :-

**वित्तीय वर्षों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और प्राइवेट क्षेत्र की कंपनियों द्वारा किया गया सीएसआर व्यय**

| **क्र.सं.** | **कंपनी का प्रकार** | **वित्तीय वर्ष 2014-15 (करोड़ रु. में)** | **वित्तीय वर्ष 2015-16 (करोड़ रु. में)** | **वित्तीय वर्ष 2016-17 (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम | 2673.85 | 4163.09 | 1325.83 |
| 2. | प्राइवेट क्षेत्र की कंपनियां | 6890.92 | 9664.77 | 3393.17 |
| | कुल | 9564.77 | 13827.86 | 4719.00 |

कंपनियों, जिन्होंने सीएसआर व्यय की सूचना दी है, द्वारा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय और कार्य-वार सीएसआर व्यय क्रमशः अनुलग्नक । और अनुलग्नक ॥ पर दिया गया है। कंपनियों द्वारा सूचित किए गए अनुसार जिला-वार आंकड़े इस मंत्रालय के राष्ट्रीय सीएसआर डाटा पोर्टल www.csr.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**(ग) और (घ):** जब कभी सीएसआर प्रावधानों का उल्लंघन पाया जाता है, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(8) के तहत कार्रवाई प्रारंभ की जाती है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए अधिनियम की धारा

134(3)(ण) के साथ पठित धारा 135 के प्रावधानों के गैर-अनुपालन हेतु अभी तक 228 कंपनियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई प्रारंभ की है।

*****

**अनुलग्नक-I**

## राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4031 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

**वित्तीय वर्ष 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के दौरान किए गए सीएसआर व्यय का राज्य/संघ शासित क्षेत्र-वार विवरण**

| सीएसआर व्यय (करोड़ रुपये में) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ शासित क्षेत्र | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0.29 | 0.54 | 0.07 |
| 2 | आन्ध्र प्रदेश | 403.91 | 1,220.54 | 101.69 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 11.03 | 1.49 | 7.98 |
| 4 | असम | 133.07 | 166.81 | 38.28 |
| 5 | बिहार | 36.20 | 108.15 | 36.90 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1.73 | 5.08 | 4.17 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 158.89 | 236.22 | 14.85 |
| 8 | दादर एवं नगर हवेली | 2.54 | 12.03 | 1.65 |
| 9 | दमन एवं दीव | 20.05 | 2.13 | 0.83 |
| 10 | दिल्ली | 214.24 | 468.18 | 229.87 |
| 11 | गोवा | 26.60 | 30.25 | 10.54 |
| 12 | गुजरात | 296.53 | 550.98 | 152.04 |
| 13 | हरियाणा | 176.29 | 364.22 | 107.87 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 9.30 | 51.71 | 10.57 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 40.57 | 103.02 | 27.83 |
| 16 | झारखंड | 75.86 | 115.70 | 24.24 |
| 17 | कर्नाटक | 382.79 | 730.64 | 202.71 |
| 18 | केरल | 64.30 | 129.24 | 50.94 |
| 19 | लक्ष्यद्वीप | 0.00 | 0.30 | 0.00 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 137.15 | 178.94 | 213.48 |
| 21 | महाराष्ट्र | 1,372.34 | 1,810.45 | 702.37 |
| 22 | मणिपुर | 1.57 | 5.93 | 6.03 |
| 23 | मेघालय | 3.52 | 3.86 | 2.99 |
| 24 | मिजोरम | 1.03 | 1.08 | 0.08 |
| 25 | नागालैंड | 1.11 | 0.95 | 0.45 |
| 26 | ओडीशा | 249.50 | 604.26 | 191.43 |
| 27 | पुदुचेरी | 1.81 | 6.31 | 3.71 |
| 28 | पंजाब | 53.86 | 68.17 | 20.17 |
| 29 | राजस्थान | 271.36 | 472.46 | 84.99 |
| 30 | सिक्किम | 1.03 | 1.90 | 2.12 |
| 31 | तमिलनाडु | 498.89 | 597.60 | 202.53 |
| 32 | तेलंगाना | 94.89 | 248.57 | 64.56 |
| 33 | त्रिपुरा | 1.16 | 1.47 | 0.60 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 138.64 | 406.93 | 120.34 |
| 35 | उत्तराखंड | 69.99 | 71.50 | 30.74 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 178.61 | 399.89 | 121.12 |
| 37 | समस्त भारत* | 4,434.12 | 4,650.39 | 1,928.26 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **कुल योग** | **9,564.77** | **13,827.86** | **4,719.00** |

*कंपनियों ने या तो राज्यों का नाम नहीं बताया है या एक से अधिक राज्य का उल्लेख किया है जहां परियोजनाएं शुरू की गईं।

*****

**अनुलग्नक-II**

**राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4031 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**वित्तीय वर्ष 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के लिए क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय**

| क्र.सं. | क्षेत्र | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वास्थ्य/भूखमरी, गरीबी और कुपोषण का निवारण/ सुरक्षित पीने का पानी/स्वच्छता | 2,382.27 | 4,330.21 | 1,201.37 |
| 2 | शिक्षा/विक्लांगजन/जीविका | 3,021.47 | 4,689.81 | 1,605.05 |
| 3 | ग्रामीण विकास परियोजना | 1,031.02 | 1,327.57 | 628.56 |
| 4 | पर्यावरण/पशु कल्याण/संसाधनों का संरक्षण | 812.31 | 901.80 | 306.68 |
| 5 | स्वच्छ भारत कोष | 94.52 | 323.24 | 89.35 |
| 6 | अन्य कोई कोष | 272.58 | 322.63 | 137.70 |
| 7 | लैंगिक समानता/महिला सशक्तिकरण/वृद्धाश्रम/ असमानता हटाना | 172.63 | 331.50 | 122.60 |
| 8 | प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष | 211.04 | 206.08 | 109.81 |
| 9 | खेलों को प्रोत्साहन | 53.36 | 134.76 | 51.73 |
| 10 | विरासत कला और संस्कृति | 113.62 | 114.90 | 49.64 |
| 11 | स्लम विकास क्षेत्र | 101.07 | 13.60 | 1.97 |
| 12 | निर्मल गंगा कोष | 4.64 | 32.52 | 22.97 |
| 13 | अन्य क्षेत्र (सशस्त्र सेनाओं को प्रौद्योगिकी इनक्यूबेटर और लाभ, प्रशासनिक ऊपरी खर्च तथा अन्य*) | 1,294.24 | 1,099.24 | 391.57 |
| | **कुल (करोड़ रुपये में)** | **9,564.77** | **13,827.86** | **4,719.00** |

*निर्दिष्ट नहीं किया गया है।

*****